मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 234
बुधवार, 12 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## लोकसभा में पेश हुआ इमिग्रेशन और फॉरनर्स बिल 2025



**नई दिल्ली, 11 मार्च।** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को आव्रजन और विदेशी विधेयक, 2025 पेश किया। विधेयक में भारत के आव्रजन कानूनों में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव है। नया विधेयक पारित होने के बाद, यह औपनिवेशिक युग के कानूनों की जगह लेगा, जिसमें विदेशी अधिनियम, 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम, 1939 और आव्रजन (वाहक दायित्व) अधिनियम, 2000 शामिल हैं। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाना, आव्रजन प्रक्रियाओं को नियंत्रित करना और प्रवेश और ठहरने की शर्तों का उल्लंघन करने वाले विदेशियों पर सख्त दंड लागू करना है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने नियमों का हवाला देते हुए विधेयक को पेश किए जाने का विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक कई मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। तिवारी ने कहा कि इस विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा जाए ताकि इस पर गहन विचार-विमर्श किया जा सके। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने भी नियमों का हवाला देते हुए विधेयक को प्रस्तुत किए जाने का विरोध किया। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि विपक्ष की ओर से विधायी क्षमता पर सवाल उठाया गया है, लेकिन यह विधेयक सदन की क्षमता के अंतर्गत लाया गया है। बिल में क्या है? बिल में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता या राष्ट्र की अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी विदेशी को देश में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी या उसे भारत में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, इसका उद्देश्य आगमन पर विदेशियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करना, उनकी आवाजाही, नाम परिवर्तन और संरक्षित और प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश को प्रतिबंधित करना है। शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और नर्सिंग होम को विदेशी नागरिकों की सूचना आव्रजन अधिकारियों को देनी होगी। बिल के अनुसार, उल्लंघन करने पर भारी जुमार्ना लगेगा। वैध पासपोर्ट या वीजा के बिना भारत आने पर पांच साल तक की कैद और 5 लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने वाले विदेशियों को दो से सात साल की जेल हो सकती है, जिसमें 1 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। इसके अलावा, निर्धारित समय से अधिक समय तक रहना, वीजा शर्तों का उल्लंघन करना या प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध प्रवेश करने पर तीन साल की कैद और 3 लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है।

## विधानसभा में बोले उमर अब्दुल्ला, एक ही बजट में पूरे नहीं कर सकते सभी वादे



**कश्मीर, 11 मार्च।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि वे अपनी पार्टी द्वारा चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने कभी यह वादा नहीं किया था कि वे एक बजट में ही उन्हें पूरा कर देंगे। बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस बजट के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि वे सभी वादे पूरे करेंगे। मुख्यमंत्री उमर ने पूछा, अगर हमने सबसे गरीब लोगों तक पहुंचने की कोशिश की है तो इसमें क्या गलती है?

पीपुल्स कांफ्रेंस के चेयरमैन और हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन की चिंताओं का जवाब देते हुए सीएम उमर ने कहा कि बजट का महंगाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दिहाड़ी मजदूरों के मुद्दों पर बात करते हुए उन्होंने पीडीपी-बीजेपी के बजट भाषणों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने दिहाड़ी मजदूरों को नियमित करने के लिए कुछ नहीं किया और उनके शासन में केवल 570 लोगों को नियमित किया गया। उन्होंने दैनिक वेतनभोगियों की समस्याओं के समाधान के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों वाली यह समिति दैनिक वेतनभोगियों की संख्या का पता लगाएगी और यह भी पता लगाएगी कि उनके लिए कानूनी और वित्तीय रूप से क्या किया जा सकता है। सीएम उमर ने कहा कि उनका बजट जम्मू-कश्मीर के हर व्यक्ति और सभी राजनीतिक दलों के लिए एक प्रेम पत्र है। उन्होंने कहा, ‘मैंने इसे एक प्रेम पत्र के रूप में स्वीकार किया है। यह भाजपा, पीसी, पीडीपी, एनसी, कांग्रेस के लिए एक प्रेम पत्र है।’ उन्होंने कहा कि प्रेम पत्र प्रेम व्यक्त करने के लिए लिखे जाते हैं और वह पांच साल तक ऐसे प्रेम पत्र लिखते रहेंगे।

## देश का नाम भारत है, तो भारत ही बोलो, इंडिया तो अंग्रेजी नाम: दत्तात्रेय होसबोले



**नई दिल्ली, 11 मार्च।** आरएसएस के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा है कि भारत को अंग्रेजी नाम इंडिया नहीं बल्कि भारत कहा जाना चाहिए। उन्होंने भारत बनाम इंडिया की बहस को फिर से हवा दे दी है। होसबोले ने सवाल उठाया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल राष्ट्रपति भवन में जी-20 डिनर के दौरान खुद देश को भारत गणराज्य कहा था, तो फिर भारतीय रिजर्व बैंक या संविधान जैसी संस्थाओं को अंग्रेजी नाम क्यों रखना चाहिए।

दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि अंग्रेजी में तो इंडिया है, लेकिन भारतीय भाषा में 'भारत' है। यह 'कंस्टीटूशन ऑफ इंडिया' है, 'रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया' है...ऐसा क्यों है? ऐसा सवाल उठना चाहिए। इसे सुधारा जाना चाहिए।

अगर देश का नाम भारत है, तो इसे इसी नाम से पुकारा जाना चाहिए। होसबोले ने कहा कि भारत एक भौगोलिक इकाई या संवैधानिक ढांचे से कहीं अधिक है; यह एक गहन दर्शन और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। पंचशील बालक इंटर कॉलेज के सभागार में सुरुचि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक विमर्श भारत का के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए होसबोले ने इंडिया की बजाय भारत की पहचान को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन आरएसएस से प्रेरित संगठन प्रेरणा शोध संस्थान न्यास ने किया था। उन्होंने कहा कि देश का नाम भारत है, तो भारत ही बोलो। इंडिया तो अंग्रेजी नाम है।" उन्होंने 'कंस्टीटूशन ऑफ इंडिया', 'रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया' जैसे विरोधाभासों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अभी भी उन्हें "औपनिवेशिक" नाम दिया जा रहा है।

## तीन-भाषा फॉमूर्ले पर सियासत तेज, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने संभाला मोर्चा



**तमिलनाडु, 11 मार्च।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रति डीएमके सरकार के विरोध को दोहराया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की राज्य के खिलाफ की गई असभ्य टिप्पणी की निंदा की। भाजपा नेता द्वारा माफी मांगे जाने के बाद टिप्पणी को सदन के रिकॉर्ड से हटा दिया गया। दक्षिणी राज्य की आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु भारत का दूसरा सबसे अधिक आर्थिक रूप से विकसित राज्य बन गया है। पिछले तीन वर्षों में 10 लाख करोड़ से अधिक निजी निवेश सुनिश्चित किया गया है। अगर कोई बाधा न होती, तो हमारे तमिलनाडु का विकास बहुत बेहतर होता।

मुख्यमंत्री ने केंद्र की कथित दबाव रणनीति और एनईपी के राज्य की शिक्षा प्रणाली पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। चेन्नई के पास एक कल्याण सहायता वितरण समारोह के दौरान स्टालिन ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नाम पर, वे तमिलनाडु में शिक्षा को पूरी तरह से नष्ट करने के इरादे से नीतियां लागू कर रहे हैं। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र तमिलनाडु को शिक्षा के लिए 2000 करोड़ रुपये तभी जारी करेगा जब राज्य त्रिभाषा नीति पर सहमत होगा, जिसमें हिंदी और संस्कृत शामिल हैं। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति को स्वीकार नहीं करेंगे। मैं दोहराता हूं, केवल 2000 करोड़ रुपये ही नहीं, भले ही आप 100,000 करोड़ रुपये दें, हम इस खतरनाक एनईपी योजना को स्वीकार नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एनईपी शिक्षा का निजीकरण करेगी और छात्रों को अवसरों से वंचित करेगी। शिक्षा का निजीकरण करना, उच्च शिक्षा को केवल अमीरों के लिए बनाना, शिक्षा को धर्म के साथ मिलाना, छोटे बच्चों के लिए भी सार्वजनिक परीक्षाएँ शुरू करना और कला, विज्ञान और इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए ठएएळ जैसी प्रवेश परीक्षाएँ शुरू करना शिक्षा में केंद्र सरकार को और अधिक अधिकार देगा।

## भूपेश बघेल के बेटे को ईडी का समन



**छत्तीसगढ, 11 मार्च।** प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को शराब घोटाले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग की चल रही जांच के सिलसिले में 15 मार्च को तलब किया है। जूनियर बघेल को संघीय एजेंसी के रायपुर कार्यालय में तलब किया गया है। यह तब हुआ जब ईडी ने दुर्ग जिले में भूपेश बघेल और उनके बेटे के ठिकानों सहित 14 ठिकानों पर छापेमारी की। घंटों चली छापेमारी के दौरान, संघीय एजेंसी - सीआरपीएफ की एक टीम के साथ - कुछ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, दस्तावेज और लगभग 30 लाख रुपये जब्त किए।

तलाशी के दौरान जांच एजेंसी ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज जब्त किए। चैतन्य के अलावा उनके कथित करीबी सहयोगी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल और अन्य के परिसरों की भी तलाशी ली गई। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी सुबह करीब सात बजे शुरू हुई और ईडी के तलाशी दल के साथ सीआरपीएफ का सुरक्षा दल भी था। उन्होंने कहा कि चैतन्य बघेल अपने पिता के साथ भिलाई में रहते हैं, इसलिये उस परिसर पर भी छापेमारी की गयी। शीर्ष अदालत ने 2024 में इस मामले में ईडी की पहली ईसीआईआर (प्राथमिकी) खारिज कर दी थी, जो आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित थी। तब ईडी ने उसके द्वारा जुटाये गये सबूतों के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू)/ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को नयी प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया और फिर उसने खुद नया मामला दर्ज किया।

## पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमला, विधानसभा के बाहर बीजेपी का विरोध प्रदर्शन

**कोलकता, 11 मार्च।** पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से बरुईपुर, बशीरहाट में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर हमला किया गया। इसके खिलाफ भाजपा विधायक ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया। विपक्ष के नेता ने दावा किया कि यह गैरकानूनी है और पश्चिम बंगाल की जनता की आवाज को दबाने की कोशिश है, जिसके खिलाफ हम प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि मांग यह है कि भेदभाव बंद किया जाना चाहिए। वोट बैंक और मुसलमानों के तुष्टीकरण के लिए हिंदुओं को किनारे किया जा रहा है।

हमारे मुख्य सचेतक डॉ. शंकर घोष ने हमारे मुद्दे उठाए और हमेशा की तरह उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। हम इस निरंकुशता को बर्दाश्त नहीं करेंगे। बशीरहाट में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आने के कुछ घंटों बाद, पश्चिम बंगाल पुलिस ने रविवार (9 मार्च) को सोशल मीडिया पर दावा किया कि इस जघन्य अपराध के पीछे कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं है। इस घटना को महज ‘शरारत’ करार देते हुए पुलिस ने कहा, ‘बशीरहाट में आज एक घटना के बारे में गलत सूचना और सांप्रदायिक अशांति फैलाने के लिए कुछ लोगों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, जहां काली मंदिर में एक मूर्ति को क्षतिग्रस्त पाया गया। इसमें आगे कहा गया, मूर्ति को बदला जा रहा है और इस शरारत के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है।









## कमलादेवी शिक्षण संस्थान द्वारा विज्ञान कला प्रदर्शनी



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कमलादेवी शिक्षण संस्थान के द्वारा वर्ष 2024 - 25 के लिए एक भव्य विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जिसमें प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न कलात्मक वस्तुओं का कला प्रदर्शनी किया और साथ ही स्कूल के माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय विभिन्न प्रयोगों के उपक्रमों का प्रदर्शन (विज्ञान प्रदर्शनी) किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष कमलादेवी शिक्षण संस्था की खजिनदार श्वेता पांडे, रचिता मुरपाणी और कमलादेवी महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिम्मी सिंह प्रमुख उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम की शुरूआत उद्घाटन सत्र और दीप प्रज्वलन से हुई। उसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिम्मी सिंह ने विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भविष्य के अवसरों और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्वेता पांडे ने विद्यार्थियों की कलात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। परीक्षकों ने भी विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भविष्य के अवसरों और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग पर मार्गदर्शन किया। पूरे सत्र के बाद स्कूल के मुख्याध्यापक श्री अमर मुनेश्वर ने मान्यवरों का आभार व्यक्त किया और पुरस्कार वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## एसएस इनोवेशन्स ने 'मंत्राएम' का अनावरण किया

**मुंबई।** भारत के पहले और एकमात्र स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स ने दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशलटी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रेन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल यूनिट एसएसआई मंत्राएम का अनावरण किया। अपनी तरह की यह अनूठी पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर आएगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल यूनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकित्सा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके माध्यम से एसएस इनोवेशन्स मेड-टेक की सीमाओं को पार करने, सर्जिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएसआई मंत्राएम के लॉन्च पर बात करते हुए डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन और सीईओ, एसएस इनोवेशन्स ने कहा, एसएसआई मंत्राएम एक मोबाइल टेलीसर्जिकल यूनिट से कहीं बढ़कर है। यह विश्वस्तरीय स्वास्थ्यसेवाओं में आधुनिक बदलाव लाने का एक आंदोलन है। हाई-स्पीड टेलीकम्युनिकेशन एवं सैटेलाइट कनेक्टिविटी के साथ यह भौगोलिक बाधाओं को दूर करता है तथा उन वंचित समुदायों के लिए जीवन रक्षक रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी को सुलभ बनाता है, जो इससे वंचित हैं। टेली सर्जरी के दायरे से आगे बढ़कर एसएसआई मंत्राएम सर्जिकल शिक्षा, टेली-मेंटरिंग एवं रियल-टाईम पेशेंट डेटा एनालिटिक्स के लिए पावरफुल प्लेटफॉर्म की तरह काम करती है। निरंतर अनुसंधान एवं इनोवेशन के जरिए एसएसआई यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक रोबोटिक सर्जरी उन सभी लोगों की पहुंच में आ जाए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। टेलीसर्जरी की आधुनिक क्षमता के साथ एसएसआई मंत्रा दूरदराज के वंचित क्षेत्रों में विश्वस्तरीय रोबोटिक-असिस्टेड प्रक्रियाओं को सुलभ बनाकर सर्जिकल केयर की सभी बाधाओं को दूर कर रही है। टेली सिंक मोबाइल युनिट में एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स शामिल है जो रिमोट एवं ऑन-साईट सर्जिकल टीम के बीच रियल टाईम सहयोग को सुनिश्चित करता है। इस इनोवेशन के जरिए सर्जन न्यूनतम लेटेंसी के साथ प्रक्रिया को पूरा कर सकता है, इस तरह आधुनिक सर्जिकल केयर पहले से कहीं अधिक सुलभ हो जाती है।

## भिवंडी मनपा की सुरक्षा ब्यवस्था चरमराई, हेल्थ सेंटर से इलेक्ट्रिक उपकरणों की चोरी



**भिवंडी।** भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका के नदी नाका हेल्थ सेंटर में बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। यह हेल्थ सेंटर आईजीएम अस्पताल के पास कचेरी पाडा में स्थित है।

पुलिस के मुताबिक, ५ मार्च की रात ९:१० बजे से ६ मार्च की सुबह ९:३० बजे के बीच अज्ञात चोरों ने सेंटर का ताला तोड़कर भीतर घुसने के बाद कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुरा लिए।चोरों ने हेल्थ सेंटर से (छील्लङ्क५) कंपनी का कंप्यूटर, सीपीयू, मॉनिटर, माउस, वेब कैमरा और (एस्त्र२ङ्कल्ल) कंपनी का प्रिंटर गायब कर दिया। चोरी हुए सामान की कुल कीमत ३६,२०० रुपए बताई जा रही है।शिकायत दर्ज होने के बावजूद पुलिस को अब तक कोई अहम सुराग नहीं मिला है। मनपा के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रूकय्या बानो मोहम्मद लाईक कुरेशी की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर लिया है और अधिकारी सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटे हैं। ताकि चोरों तक पहुंचा जा सके। इस घटना के बाद पालिका के स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, प्रभाग समिति कार्यालयों, वाचनालयों और जल आपूर्ति कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। आखिर इतनी आसानी से चोर सेंटर में घुसे और महंगे उपकरण लेकर फरार हो गए।

स्थानीय लोगों का मानना है कि हेल्थ सेंटर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों तक पहुंचा जा सकता है। फिलहाल पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# फूलों की होली के संग, धूमधाम से संपन्न हुई भायंदर सत्ता की 24 वीं वर्षगांठ

**भाईंदर(उत्तरशक्ति)।** पिछले 24 वर्षों से निरंतर प्रकाशित होने वाले राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचार पत्र भायंदर सत्ता ने रविवार, 9 मार्च को बड़े ही धूमधाम से अपनी 24वीं वर्षगांठ मनाई। भायंदर सत्ता एवं राहुल ग्रुप ऑफ स्कूल एंड कॉलेजेस के संयुक्त तत्वावधान में मीरा रोड के एल. आर. तिवारी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में फूलों की होली खेली गई। सह-आयोजक के रूप में श्री शनिधाम पंचदेव इच्छापूर्ति मंदिर, कनकिया, मीरा रोड के शास्त्री सुरेश ओझा गुरुजी ने इस आयोजन में अपनी सक्रियता दिखाई।कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षण सम्राट पंडित लल्लन तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजा से की। भायंदर सत्ता के प्रकाशक व संपादक राजदेव तिवारी की इस यात्रा की भूरि-भूरि प्रशंसा के साथ उपस्थित गणमान्यों ने उनकी हौसला अफजाई भी की। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रसिद्ध पंडित लल्लन तिवारी ने भायंदर सत्ता की सफल यात्रा को देखते हुए संपादक राजदेव तिवारी की मेहनत और लगन की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।भायंदर सत्ता ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इनमें मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस के अंतर्गत आने वाले काशीमीरा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले, शिवसेना के उपजिला प्रमुख मुस्तफा वनारा, एनसीपी (अजित पवार गुट) मीरा भायंदर शहर के युवा



जिलाध्यक्ष जक्की आसिफ पटेल, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रतन शर्मा और मीरा भायंदर के भाजपा कार्यकर्ता पुरव झवेरी शामिल रहे।पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्रा और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने इस अवसर पर भायंदर सत्ता की जमकर प्रशंसा की और भविष्य में इसकी निरंतर सफलता की शुभेच्छा व्यक्त की। प्रेम शुक्ल ने कहा, जिन्होंने लगातार प्रकाशित और संपादकीय कार्य को सुचारू रूप से किया, उनके लिए संपादक राजदेव तिवारी का विशेष अभिनंदन किया जाना चाहिए।

मेलोडी इंडिया के प्रकाश चौहान और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत के बीच इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भायंदर सत्ता के पाठक, शुभचिंतक और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य बना दिया।

इनमें प्रमुख रूप से भारतीय सद्विचार मंच के संस्थापक राधेश्याम तिवारी,समाजसेवक दिनेश चंद उपाध्याय,मीरा भायंदर भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, पूर्व भाजपा नगरसेवक मुन्ना सिंह, पूर्व नगरसेवक संजय थेराडे, पूर्व नगरसेविका वंदना मंगेश पाटिल, भायंदर पूर्व के मंडल अध्यक्ष रथिन दत्ता, पूर्व नगरसेविका नीला सोंस,पूर्व नगरसेवक विजय राय, पूर्व विरोधी पक्ष नेता धनेश पाटिल, भाजपा प्रवक्ता शैलेश पांडे, भाजपा जिला सचिव एस. पी. मौर्या, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडेय, अधिवक्ता राजेश मिश्रा, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह, जिला महामंत्री संदीप तिवारी, पूर्व नगरसेवक चंद्रकांत मोदी,पूर्व नगरसेविका हेतल परमार,पूर्व नगरसेविका हेमा राजेश बेलानी, भाजपा नेता शंकर वीरकर, एड. राजकुमार मिश्रा, भाजपा बिहार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष फूल कुमार झा और डॉ. सुरेश येवले उपस्थित रहे।होली मिलन समारोह के पश्चात अतिथियों के लिए लिट्टी-चोखा की विशेष व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र पोरवाल ने किया।

कार्यक्रम के संयोजक संपादक राजदेव तिवारी, आयोजक राहुल ग्रुप के चेयरमैन पंडित लल्लन तिवारी और सह-संयोजक शास्त्री सुरेश ओझा गुरुजी रहे।

## लल्लन तिवारी ने की मानवाधिकार संरक्षण संगठन के कार्यों की सराहना



**भाईंदर (उत्तरशक्ति)।** मानवाधिकार संरक्षण संगठन महाराष्ट्र के तत्वाधान में होली मिलन समारोह, सम्मान समारोह तथा सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन 8 मार्च को शाम 4 बजे से मीरा रोड स्थित श्री मनोकामना सिद्धी मंदिर में किया गया किया गया। देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन के चेयरमैन लल्लन तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानवाधिकार संरक्षण संगठन द्वारा समाज और राष्ट्र की भलाई की दिशा में महत्वपूर्ण काम किये जा रहे हैं। उन्होंने संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक पांडे (बाबा) की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे संदीप सिंह फौजी, एडवोकेट राजकुमार मिश्रा, संस्था के प्रदेश सचिव शैलेंद्र पांडे, राहुल शर्मा, पंकज शर्मा, कमलेश उपाध्याय, नागेश दीक्षित, अभिषेक दुबे, आशीष शर्मा, विनोद पांडे, मुकेश तिवारी, सुनील तिवारी दिलीप चौबे समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। प्रख्यात लोक गायक मुकेश तिवारी के गाए गीतों का लोग देर रात तक आनंद उठाया।

# ब्रह्माकुमारी की ओर से अंधेरी के लोखंडवाला में महिला दिवस का आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** विश्व महिला दिवस का कार्यक्रम ब्रम्हाकुमारीज लोखंडवाला अंधेरी सेंटर पर धूमधाम से मनाया गया। ब्रम्हाकुमारीज के इस कार्यक्रम मे करीब 150 महिलाओ ने भाग लिया था । हर एक महिला के जीवन में कार्य की जवाबदारी बहुत अधिक होने के कारण कभी-कभी तनाव और अंदर की बेचैनी सताती है ,कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी महसूस करने लगती है।

महिला दिवस के कार्यक्रम में सभी ने अपने अनुभवी वचनों द्वारा एक दृढ़ संकल्प लिया कि हम जो भी सोचेंगे वह अच्छे मूल्यों को ध्यान में रखते हुए जैसे की समझ अर्थात ज्ञान ,प्रेम ,शांति आनंद, स्थिरता ,आदि गुणों को आधार बनाकर अपने



विचारों को शक्तिशाली बनाएंगे, ताकि परिस्थितियों में तनाव कम महसूस हो ।हम अपनी नकारात्मक सोच को ध्यान देकर योग के अभ्यास द्वारा सकारात्मक अवश्य बनाएंगे। उपस्थित हुए महिलाओं ने यही सोच कविता और गीत के द्वारा , नृत्य के द्वारा ,अनुभव के द्वारा और मुख्य संचालिका बहन क्रीना जी ने प्रेजेंटेशन के द्वारा मेडिटेशन का महत्व और विधि समझाई। कई सदस्योने छोटा सा नाटक भी प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था 21 वी सदी की नारी कैसे अपनी कमजोरी से लड़ते हुए अपने को ताकतवर बनाकर ऊंची मंजिलों को पाने के लिए तत्पर है ।लास्ट में इस सभा में विशेष फिल्म और टीवी सीरियल के कई अनुभवी कलाकार उपस्थित थे जैसे श्रीमती अंजलि अरोरा, मीनू बंसल जी, मधु जी, श्री दीपा दे जी, । विशेष डां सुंदरी ठाकुर जो नारी सम्मान संस्थान की मुख्य संस्थापक और डायरेक्टर है उनका नारी के प्रति सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। कार्यक्रम बहुत ही माहिती पूर्वक और आगे के लिए सफलतापूर्वक मार्ग का निर्देशन करने वाला रहा ।सभी महिलाओं को हमारी ओर से बहुत-बहुत उज्जवल भविष्य की बधाइयां हो।

# मोटर साइकिल चोरी के चार मामलों का पर्दाफाश





**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण में मोटर साइकिल चोरी के बढ़ते मामलों को देखते हुवे कोलसेवाड़ी पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक बड़ा अभियान चलाते हुवे दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की चार मोटर साइकिलें बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत 1 लाख 12 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन की हद में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। पुलिस ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश नह्यादे की टीम ने विशेष जांच अभियान चलाया। गश्त के दौरान कल्याण पूर्व में दो संदिग्ध युवक मोटर साइकिल पर जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोका और पूछताछ के दौरान उन्होंने चोरी की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एवेंजर बाइक, एक सुजुकी एक्सेस और होंडा एक्टिवा की दो स्कूटी बरामद की हैं। इस चोरी की घटना में लिप्त सभी आरोपी नाबालिग है । पुलिस सभी को सुधार गृह भेजने की तैयारी सुरु की है।

# स्किलहब एजुकेशन की महिलाओं को उपहार देकर उनका सम्मान

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** विश्व महिला दिवस हर जगह बड़े उत्साह से मनाया जाता है। इसी अवसर को ध्यान में रखते हुए स्किलहब डायरेक्टर अश्विनी शिंदे और आशीष शिंदे के मार्गदर्शन में स्किलहब एजुकेशन, कल्याण में विश्व महिला दिवस मनाया गया।

समाजिक जीवन में पुरुषों की तरह ही महिलाएँ भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं लेकिन, कई जगहों पर पुरुषों के समान अधिकार महिलाओं को नहीं दिए जाते। समाज के लिए महिलाओं के योगदान के महत्व को समझने और हर क्षेत्र में उन्हें समान अधिकार देने के उद्देश्य से दुनियाभर में 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जाता है। इस

**महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान**



दिन विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाता है, उनके कार्यों की सराहना की जाती है। साथ ही, सभी महिलाओं को उनके अधिकारों और स्वतंत्रता का एहसास कराने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। नारीशक्ती के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही, स्किलहब एजुकेशन की महिलाओं को उपहार देकर उनका सम्मान किया गया।



केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन व शिवतेज मित्र मंडल की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के प्रांगण में सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष, शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष, भाजपा नेता तुलसीराम केवट के अलावा अनेक लोगों ने सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। छायांकन : उत्तरशक्ति

# औरंगजेब का गुणगान करने वाले अबू आजमी के बदले सुर, अब छत्रपति संभाजी महाराज को बताया पराक्रमी योद्धा



**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अबू आसिम आजमी के बयान पर महाराष्ट्र की राजनीति में विवाद जारी है। हाल ही में औरंगजेब को लेकर उनके बयान पर बवाल मचा था। वहीं, छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर अबू आसिम आजमी द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दिए जाने के बाद मामला और गरमाता जा रहा है। आज यानी 11 मार्च को छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि है। इतिहास में दर्ज है कि आज ही के दिन मुगल शासक औरंगजेब ने उनकी हत्या करवा दी थी।

अबू आसिम आजमी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करके संभाजी महाराज को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखाः ₹स्वराज्य के दूसरे छत्रपति, पराक्रमी योद्धा, धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।₹ हालांकि, कुछ दिनों पहले औरंगजेब को लेकर दिए गए उनके बयान के कारण अब उनकी श्रद्धांजलि भी संदेह और विवाद के घेरे में आ गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस के एमएलसी भाई जगताप ने कहा कि यह अच्छी बात है। वे (छत्रपति संभाजी महाराज) एक महान योद्धा थे, वे इस भूमि के 'छावा' रहे हैं। उन्होंने सभी 126 लड़ाइयाँ जीतीं...हम इसका स्वागत करते हैं। यह सच्चाई है और हमारा इतिहास है और सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। अबू आजमी ने हाल ही में एक बयान में औरंगजेब को एक अच्छा शासक बताया था। उन्होंने कहा ₹गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए। वह क्रूर शासक नहीं था। जब उसके सेनापति ने बनारस में एक पंडित की बेटी के साथ दुर्व्यवहार करने की कोशिश की, तो औरंगजेब ने उस सेनापति को दो हाथियों के बीच बांधकर मार डाला।

बाद में उन पंडितों ने औरंगजेब के लिए एक मस्जिद बनवाई और उसे भेंट की। वह एक अच्छा प्रशासक था और उसने जो किया वह सही था। अगर कोई और राजा होता, तो वह भी यही करता।₹ इसके अलावा उन्होंने यह भी दावा किया था कि औरंगजेब के शासन के दौरान भारत की जीडीपी 24% थी और देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com





**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# पत्रकार की हत्या के विरोध में बदलापुर पत्रकार संघ ने दिया ज्ञापन



**जौनपुर।** सीतापुर में हुई पत्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में बदलापुर पत्रकार संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें मृत्युदंड दिलाए जाने और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए व्यापक कदम उठाने की मांग की गई। जनपद सीतापुर के तहसील महोली क्षेत्र में बीते शनिवार को पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोलियों से भूनकर दिन दहाड़े कर दी गई थी, जिससे देश व प्रदेश भर के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। सोमवार को हत्याकांड को लेकर जौनपुर पत्रकार संघ की बदलापुर इकाई के अध्यक्ष अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार विजेंद्र सिंह को सौंपते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रेक कोर्ट में मामले की सुनवाई कर हत्यारों को सजाए मौत दिलाई जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि पत्रकारों पर हो रहे हमले और उनकी हत्याओं जैसे जघन्य अपराधों पर अकुंश लगाया जाए और पत्रकारों को उनकी सुरक्षा के लिए आसान प्रणाली के तहत शस्त लाइसेंस दिलाए जाएं। इसके अलावा मृतक पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिवार को उचित मुआवजा दिलाया जाए, साथ ही उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाई जाने की भी मांग की गई है। इस दौरान अर्जुन शर्मा, ओंकार नाथ मिश्रा ,अभिनय सिंह , अखिलेश यादव, शशि कुमार, कुलदीप विश्वकर्मा, राजकमल मिश्र, ओमप्रकाश सेठ, अरविंद कुमार मिश्र ,सत्यम देवेश, भ्रमर यादव, सुधीर सिंह, डॉ. संजय यादव, अखंड सिंह,अंकज गुफ्ता रामनाथ,पंकज बिंद, प्रशांत तिवारी , राजकमल शर्मा, बी पुष्कर सहित भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## कमरे में इस हाल में मिले पति-पत्नी के शव

**गाजियाबाद (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के कविनगर क्षेत्र स्थित महिंद्रा एन्क्लेव में दंपती ने सोमवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। आसपास के लोगों को घटना की जानकारी शाम करीब चार बजे लगी। पुलिस के मुताबिक, मृतक पीयूष (24 वर्ष) और उसकी पत्नी निशा (18 वर्ष) के शव एक ही फंदे से लटके हुए मिले हैं। पीयूष मूल रूप से फरुर्खाबाद के अलापुर गांव का रहने वाला था। पीयूष मजदूरी करता था और कई दिनों से काम पर भी नहीं जा रहा था। पार्षद अमित कुमार ने बताया कि दंपती 18 फरवरी को ही रहने आया था। पड़ोसियों ने कल रात करीब साढ़े 10 बजे उन्हें देखा था लेकिन उसके बाद दोनों बाहर नहीं निकले। आज दोपहर तक जब दोनों बाहर नहीं निकले तब पड़ोसियों ने कमरे में दरवाजे के रोशनदान से झांककर देखा। अंदर दोनों लटके हुए दिखे। अंदर दोनों के शव एक ही दुपट्टे से लोहे के गार्डर पर लटके मिले। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर आई पुलिस ने दोनों के शव नीचे उतारे हैं। जानकारी मिली है कि पीयूष के पास से पुलिस को करीब 31 हजार रुपये और एक पाजेब भी मिली है। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें दोनों ने घरवालों की मर्जी के खिलाफ शादी करने का जिक्र किया है। अपनी मौत के लिए दोनों ने किसी को जिम्मेदार नहीं बताया है।

## रणदीप हुड्डा का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन जाट में रणतुंगा बनकर मचाएंगे तहलका

**पटना।** बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'जाट' को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है, क्योंकि मेकर्स ने हाल ही में रणदीप हुड्डा के किरदार 'रणतुंगा' का खुलासा किया है। 20 सेकंड के इस स्पेशल वीडियो में रणदीप हुड्डा को बेहद दमदार अंदाज में दिखाया गया है, जो फिल्म में जाट के सबसे बड़े दुश्मन की भूमिका निभा रहे हैं। इस वीडियो के सामने आते ही फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले जारी किए गए टीजर ने पहले ही फिल्म के एक्शन और कहानी की झलक दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया था। अब रणदीप हुड्डा के किरदार की एंट्री ने दर्शकों को और भी ज्यादा उत्साहित कर दिया है। अपनी अलग और दमदार भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले रणदीप हुड्डा इस बार एक खतरनाक विलेन के रूप में सभी को चौंकाने के लिए तैयार हैं। गोपिचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित इस धमाकेदार फिल्म में सनी देओल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जबकि रणदीप हुड्डा के साथ विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा भी अहम किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्माण मायथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्टरी ने किया है, जो पहले भी कई बेहतरीन फिल्में दे चुके हैं। फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे, जिन्हें अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट ने कोरियोग्राफ किया है। वहीं, फिल्म का जोशीला संगीत थमन एस ने तैयार किया है, जबकि ऋषि पंजाबी की शानदार सिनेमैटोग्राफी इसे और भव्य बनाती है। नवीन नूली के बेहतरीन एडिटिंग और अविनाश कोल्ला के प्रोडक्शन डिजाइन ने फिल्म को और भी भव्य रूप दिया है। 'जाट' 10 अप्रैल 2025 को भारत और विदेशों में एक साथ रिलीज होने जा रही है। दमदार एक्शन, शानदार स्टारकास्ट और रोमांचक कहानी के साथ यह फिल्म दर्शकों को एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है।

## होली पर यह आठ घंटे बंद रहेगी मेट्रो

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान (लखनऊ चिड़ियाघर) होली के अवसर पर दो दिन 13 व 14 मार्च को पूर्णतः बंद रहेगा। प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि होली के बाद 15 मार्च से चिड़ियाघर फिर अपने नियमित समय पर आम जनता के लिए खोला जाएगा। चिड़ियाघर प्रशासन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथियों को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। होली पर रंग को देखते हुए 14 मार्च को मेट्रो सेवा दोपहर तक बंद रहेगी। मेट्रो का संचालन दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा और रोज की तरह रात 10:30 बजे तक चलेगा। सामान्य दिनों में संचालन सुबह छह से रात साढ़े दस बजे तक होता है। ये सूचना मेट्रो प्रबंधन की ओर से मंगलवार को जारी की गई है। होली 14 मार्च को है, मगर शहर में धमाल शुरू हो चुका है। त्योहार को लेकर मस्ती ऐसी है कि अभी से कई जगह रंग-गुलाल बरसने लगे हैं। 14 मार्च को यह खुमारी और चढ़ेगी। अपार्टमेंट, पार्क से लेकर मंदिर तक भी इसके लिए तैयार हो चुके हैं। आईए हम आपको बताते हैं कि शहर में कहां किस तरीके हो रही होली की तैयारी।

# म्यांमार से छुड़ाए गए ठगी के शिकार 283 भारतीय नागरिक



**नई दिल्ली/मुंबई।** म्यांमार में फंसे उन 283 भारतीय नागरिकों को छुड़ाकर भारत वापस लाया गया है, जिन्हें आकर्षक नौकरियों का लालच देकर साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया गया था। म्यांमार में ऑनलाइन धोखाधड़ी सेंटर्स से रिहा किए गए भारतीयों को सोमवार को थाईलैंड होते हुए भारत लाया गया। म्यांमार और थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने स्थानीय सुरक्षा बलों की मदद से इस निकासी में मदद की। भारतीय वायुसेना के विमान में थाईलैंड के माई सोत से वापस लाए गए लोग तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों से हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ह्यह्यभारत सरकार म्यांमार सहित विभिन्न दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में फर्जी नौकरी की पेशकश के साथ बहकाए गए भारतीय नागरिकों की रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इन व्यक्तियों को बाद में म्यांमार-थाईलैंड सीमा के साथ क्षेत्रों में संचालित घोटाला सेंटर्स में साइबर अपराध और अन्य धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। मंत्रालय ने कहा, ह्यह्यभारत सरकार ऐसे रैकेट के बारे में समय-समय पर सलाह और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से पहले भी प्रसारित की गई अपनी चेतावनी को दोहराना चाहती है। भारतीय नागरिकों को एक बार फिर सलाह दी जाती है कि वे विदेश में मिशनों के माध्यम से विदेशी नियोक्ताओं की साख को सत्यापित करें और नौकरी की पेशकश स्वीकार करने से पहले भर्ती एजेंटों और कंपनियों के पिछले रिकॉर्ड की जांच करें। गौरतलब है कि विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावासों के सहयोग से पिछले तीन महीनों के दौरान म्यांमार सहित कई दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में आकर्षक नौकरी के लालच में जालसाजों के चंगुल में फंसे सैकड़ों भारतीयों की घर वापसी सुनिश्चित की गई है।

# होली पर बच्चों के कोमल अंगों को सुरक्षित रखने के लिए विशेषज्ञों की सलाह

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** रंगों का त्यौहार होली सभी को आनंदित करता है। बच्चों को विशेषतौर से रंग मिले पानी की बौछारें दोस्तों तथा परिवार के साथ होली खेलना अधिक भाता है। हालांकि इस मौज-मस्ती के बीच होली को सुरक्षित तरीके से मनाना भी महत्वपूर्ण होता है। होली खेलने के दौरान बच्चे अक्सर लंबे समय तक धूप में रहते हैं, उनके कपड़े रंगों से सराबोर होते हैं और इस कारण उन्हें त्वचा, बालों तथा आँखों की विभिन्न समस्याएं हो सकती हैं। पानी में मिले कठोर सिंथेटिक रंगों में लंबे समय तक रहने से दाग-धब्बे, खुजली और संक्रमण भी हो सकते हैं। सिंथेटिक रंगों में ऐसे रसायन होते हैं, जो त्वचा की प्राकृतिक नमी को हटा सकते हैं। होली के बाद अक्सर बाल रूखे और छल्लेदार हो जाते हैं, त्वचा खुजलीदार और लाल हो जाती है तथा आँखों में जलन होती है। लंबे समय तक रंग लगा रहने से सिर की त्वचा को नुकसान हो सकता है, जिससे डैंड्रफ, रूखापन और बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। इस अवसर पर बच्चों के लिए होली पर अपनी सलाह जारी करते हुए,नारायणा हेल्थ एसआरसीसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मुंबई के डॉ. नेहल शाह, कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक मेडिसिन, कहते हैं कि बच्चे विशेषकर होली से पहले त्वचा को अच्छी तरह से मॉइश्चराइज करें, बच्चे की त्वचा पर नारियल, बादाम या जैतून का तेल लगाएँ। इसके अलावा, कोई अच्छा मॉइश्चराइजर भी लगा सकते हैं। इससे त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बन जाएगी और रंगों का सीधा असर नहीं होगा। प्राकृतिक और हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें, सिंथेटिक रंगों की जगह प्राकृतिक, हर्बल या ऑर्गेनिक रंगों का चुनाव करें। ये रंग पौधों के अर्क से बनाए जाते हैं और त्वचा, बालों और आँखों के लिए अधिक सुरक्षित होते हैं। इसके अलावा बालों में तेल लगाएँ, सही कपड़े पहनें बच्चों को पूरी बाजू की शर्ट और लंबी पैंट पहनाएँ ताकि उनकी त्वचा कम खुले और रंगों का असर कम हो। आँखों को सुरक्षित रखने के लिए सनग्लासेस पहनाएँ।नारायणा हेल्थ एसआरसीसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मुंबई के डॉ. नेहल शाह, कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक मेडिसिन, कहते हैं कि कुछ सावधानियां और आसान सुझावों को अपनाने से बच्चे बिना किसी परेशानी के होली का पूरा आनंद उठा सकते हैं। बच्चे कठोर और गीले रंगों से बचें,गीले सिंथेटिक रंग त्वचा में गहराई तक जाकर खुजली और जलन पैदा कर सकते हैं।

# स्प्लिट फ्यूल कार ने मुंबई में जियो-बीपी पर हाई-परफॉर्मेंस ईंधनों का प्रदर्शन किया




**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और वैश्विक ऊर्जा कंपनी बीपी के संयुक्त उद्यम जियो-बीपी ने 11 मार्च 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर, बीकेसी में अपनी इनोवेटिव स्प्लिट फ्यूल कार का प्रदर्शन किया। स्प्लिट फ्यूल कार ने यह अनूठा अवसर दिया कि जियो-बीपी के हाई-परफॉर्मेंस ईंधन किस तरह इंजन के प्रदर्शन को बेहतर बनाते हैं, माइलेज बढ़ाते हैं और महत्वपूर्ण इंजन घटकों को साफ रखते हैं, जिससे ड्राइविंग का अनुभव अधिक कुशल और दीर्घकालिक हो जाता है। स्प्लिट फ्यूल कार में दो ईंधन टैंकों को स्पष्ट रूप से विभाजित किया गया है, जो वाहन के 6-सिलेंडर इंजन के अलग-अलग हिस्सों को ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह जियो-बीपी के अउळक्श्ए ईॅल्लङ्म'ङ्म८ (ऐक्टिव टेक्नोलॉजी) युक्त हाई-परफॉर्मेंस पेट्रोल और साधारण पेट्रोल के भिन्न संचालन को दर्शाने वाला एक पारदर्शी प्रदर्शन है। बोरोस्कोप इमेजिंग (जो चिकित्सा क्षेत्र में मानव शरीर के अंदर देखने के लिए उपयोग की जाती है) के जरिए यह कार दिखाती है कि साधारण पेट्रोल के इस्तेमाल से महत्वपूर्ण इंजन घटकों पर अधिक जमा बनते हैं, जिससे ईंधन की दक्षता अनिवार्य रूप से घट जाती है। चूंकि इंजन एक ही कार में समान परिस्थितियों में चल रहा है, यह ऐक्टिव टेक्नोलॉजी युक्त हाई-परफॉर्मेंस फ्यूल के लाभों का स्पष्ट प्रमाण है। जियो-बीपी का ऐक्टिव टेक्नोलॉजी युक्त डीजल माइलेज में 4.3% तक की वृद्धि प्रदान करता है, जबकि ऐक्टिव टेक्नोलॉजी वाला पेट्रोल इंजन के महत्वपूर्ण हिस्सों को 10 गुना तक अधिक साफ रखने में मदद करता है*। जियो-बीपी के हाई-परफॉर्मेंस ईंधन सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी वाहनों के साथ-साथ गैर-परिवहन क्षेत्रों में भी प्रभावी रूप से काम करते हैं, जिससे इंजन के हिस्सों में गंदगी जमा होने से होने वाले घिसाव, ईंधन दक्षता की हानि और सर्विसिंग जरूरतों को कम करने में मदद मिलती है। ये हाई-परफॉर्मेंस ईंधन जियो-बीपी के 1,875 से अधिक मोबिलिटी स्टेशनों पर ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त लागत के उपलब्ध कराए जाते हैं।

# जो खेलेगा-वो खिलेगा : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**सुरेश गांधी**




**वाराणसी।** सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को बड़ालालपुर स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित जनपद स्तरीय पीएमश्री वार्षिकोत्सव खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जो खेलेगा, वहीं खिलेगा। उन्होंने मोटापा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा, खाने के तेल के उपयोग को दस प्रतिशत तक कम करने पर इसे काबू में किया जा सकता है। उन्होंने सभी को टीम वर्क की भावना से कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे आगे चलकर हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं। खेल की दुनिया में भी हम नये नवाचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर खेल की दुनिया में आगे बढ़ना है तो अपनी दिनचर्या को उस अनुरूप ढालना होगा तभी आप जीवन में आगे निकल सकते हैं। उन्होंने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि वो भी 100, 200, 400 तथा 800 मीटर दौड़ में अव्वल रही हैं। प्राईमरी शिक्षा में बच्चियों के मेडिकल चेकअप को बढावा देने को लगातार अभियान चलाने हेतु जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। समारोह में विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह, हंसराज विश्वकर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, विधायक सुनील पटेल, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अरविन्द पाठक सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं, अध्यापक, कोच आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान कंपोजिट विद्यालय पिंडरा, द्वितीय स्थान कंपोजिट विद्यालय सेवापुरी तथा तृतीय स्थान कंपोजिट विद्यालय सारनाथ को मिला। 100 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में शुभम पटेल को प्रथम तथा महिला कटेगरी में सील यादव को प्रथम स्थान मिला। श्रीमती परमा विश्वास को मिशन शक्ति की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया है।

# रंगभरी एकादशी का समापन, रंग-तरंग की मस्ती में डूबी भोले की नगरी काशी

## मशाने में अड़भंगी भक्तों ने खेली चिता भस्म की होली

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ समेत तमाम देवताओ संग होली खेलने के बाद मंगलवार को बाबा के अड़भंगी भक्तों ने चिता की राख से महा श्मसान पर होली की खेली। इस दौरान शंखनाथ, ढोल नगाड़ों गूंज के बीच भक्तों ने पहले महाश्मशान नाथ बाबा की आरती उतारी। इसके बाद तरह तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस दौरान हर तरफ बाबा की जयकारे गूंज रहे थे। इस तरह रंगभरी एकादशी के समापन के साथ ही पूरी काशी होली के रंग-तरंग में डूब गयी है। एक-दुसरे पर अबीर-गुलाल उड़ेले जा रहे है। सालों से चली आ रही परंपरा के तहत एकबार फिर मणिकर्णिका महाश्मशान पर होली का अद्धुत नजारा लोगों के लिए यादगार बन गया। एक तरफ चिताएं धधकती रहीं तो दूसरी ओर बुझी चिताओं की भस्म से अड़भंगी शिव की काशी के अड़भंगी भक्तों ने चिता भस्म की होली खेली। साधु-संत हो या कोई और सबके सब चीताओं की राख से होली खेलने में रमे रहे। ढोल, मजीरे और डमरुओं की थाप के बीच भक्तगण जमकर झूमे और हर हर महादेव के उद्घोष से महाश्मशान गूंजता रहा। खास यह रहा जब सितार की झंकार के बीच ह्यहोरी खेलें मसाने में...ह्य के बोल पर होरी गूंजी तो चाहे वह शव संग आएं परिजन हो या खाटी बनरसिएं थिरकने से खुद को नहीं रोक सके। दुनिया के कई देशों के पर्यटक भी चिता की भस्म से होली खेलने के उन क्षणों के साक्षी बने। बता दें, सबसे पहले धुनी रमाए नागा साधु मसान घाट पर पहुंचे। उनके ऊपर राख डालकर लोगों ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद परंपरा के अनुसार महाश्मसाननाथ श्रृंगार किया गया और आरती उतारी गई। काशी के लोटंडी चिताओं की भस्म के साथ भभूत उड़ाई जाने लगी। साथ में कुछ युवक अबीर और गुलाल की भी बौछार घाटों से करने लगे। इसके साथ ही शुरू हुई अनूठी होली जो देसी-विदेशी पर्यटकों को दंग करने के साथ ही उनमें उमंग का संचार भी कर गई। अबीर-गुलाल संग चिता भस्म एकाकार हुई और होली के गीत गूंज उठे। आम भक्तों पर चिता भस्म फेंककर महादेव का जयघोष किया गया। इस दौरान घाटों पर अद्भुत नजारा दिका। श्मशान पर अंतिम संस्कार के लिए शवों को लेकर गमगीन लोग भी घाट पर पहुंचते रहे। कहीं चिताएं लगती रहीं तो कहीं मुखाग्नि दी जाती रही। इसके बीच बाबा के गणों के रूप में गंजी, गमछा लपेटे युवाओं की होली तमाम विदेशी पर्यटकों के लिए भी यादगार बनी। लोग उन क्षणों को कैमरे में कैद करने के लिए आसपास की छतों, मुंडेरों पर जमे रहे। इसमें घुलते अबीर-गुलाल ने राग विराग को एकाकार करते हुए जीवन दर्शन के रंग को चटख किया। परंपरा के अनुसार पहले शिव के ही अंश माने जाने वाले बाबा मसाननाथ को भस्म और अबीर चढ़ाकर भक्तों ने एक दूसरे को भस्म लगाया। वैसे भी काशी मोक्ष की नगरी मानी जाती है। मान्यता है कि यहां शरीर छोड़ते वक्त इंसान के कानों में खुद भगवान शंकर उसे तारक मंत्र सुनाते हैं। जिससे वो जन्म मरण के चक्र से छुटकारा पा जाता है। और इसकी खुशी भी शव ले जाते वक्त रास्ते में नाचते गाते परिजनों और नगाड़ों के ढोल में देखी और सुनी जा सकती है। मौत पर इस नाच को देख आप चैंक भी सकते हैं। पर काशी के फक्कड़पन में इस तरह की मस्ती आम बात है। मान्यता है कि रंगभरी एकादशी एकादशी के दिन माता पार्वती का गौना कराने बाद देवगण एवं भक्तों के साथ बाबा होली खेलते हैं। लेकिन भूत-प्रेत, पिशाच आदि जीव-जंतु उनके साथ नहीं खेल पाते हैं। इसीलिए अगले दिन बाबा मणिकर्णिका तीर्थ पर स्नान करने आते हैं और अपने गणों के साथ चीता भस्म से होली खेलते हैं। नेग में काशीवासियों को होली और हुड़दंग की अनुमति दे जाते हैं। यह अति प्राचीन परम्परा आज तक चली आ रही है। यही वजह है कि यहां होली की छटा देखते ही बनती है। काशी का यह भाव भौगोलिक नहीं ऐतिहासिक है। बाबा काशीवासियों के लिए अनंत है, इसीलिए अनादि भी है। कहते है महाश्मशान ही वो स्थान है, जहां कई वर्षों की तपस्या के बाद महादेव ने भगवान विष्णु को संसार के संचालन का वरदान दिया था। काशी के मणिकर्णिका घाट पर शिव ने मोक्ष प्रदान करने की प्रतिज्ञा ली थी। काशी दुनिया की एक मात्र ऐसी नगरी है जहां मनुष्य की मृत्यु को भी मंगल माना जाता है। मृत्यु को लोग उत्सव की तरह मनाते है। मय्यत को ढोल नगाडो के साथ श्मशान तक पहुंचाते है। कहते है साल में एक बार होलिका दहन होता है, लेकिन महाकाल स्वरूप भगवान भोलेनाथ की रोज होली होती है। काशी के मणिकर्णिका घाट सहित प्रत्येक श्मशान घाट पर होने वाला नरमेध यज्ञ रूप होलिका दहन ही उनका अप्रतिम विलास है।

# युवा इंटरफेस बैठक में राज्य स्तरीय युवा मंच की मांग




**पटना (उत्तरशक्ति)।** बाल रक्षा भारत द्वारा 'कोई भी युवा पीछे न छूटे' विषय पर आयोजित युवा इंटरफेस बैठक में राज्य स्तरीय युवा मंच की मांग को जोरदार समर्थन मिला। लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने इस मांग से सहमति व्यक्त करते हुए इस दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। बिहार की कुल जनसंख्या में 58 प्रतिशत युवा आबादी है, जो राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने युवा नेतृत्व को आजीविका से संबंधित कार्यक्रमों से जुड़ने और नीतिगत कठिनाइयों को सरकार तक पहुँचाने की अपील की ताकि आवश्यक सुधार किए जा सकें। विधायक ज्योति मांझी ने भी युवाओं से अपनी समस्याओं को अपने पंचायत / वार्ड प्रतिनिधि या विधायक के साथ साझा करने का आग्रह किया, जिससे समाधान निकाला जा सके। बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि बिहार की 58 प्रतिशत जनसंख्या युवाओं की है, इसलिए नेतृत्व भी उनके हाथों में होना चाहिए। उन्होंने युवा नेताओं के लिए मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया। इग्नू, पटना के प्रोफेसर विवेक कुमार सिन्हा ने राज्य के हर प्रखंड में कौशल केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया ताकि दूर-दराज के इलाकों के युवाओं को भी अवसर मिल सके। यूएनएफपीए के प्रतिनिधि अब्दुल जब्बार ने युवाओं से अपनी चुनौतियों को पहचानने और उन पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यूनिसेफ की बाल संरक्षण अधिकारी गार्गी शाह ने कहा कि खेती युवाओं के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत हो सकता है और इसे एक बेहतर रोजगार विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता है। उन्होंने खेती के प्रति मानसिकता बदलने पर जोर दिया। सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के कमलेश कुमार ने कहा कि लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए लड़कों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है। एक्शन एड की शरद कुमारी ने कहा कि सरकार युवाओं की आजीविका को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन कई युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि वे इन कठिनाइयों की पहचान कर नीति निमार्ताओं को सूचित करें ताकि अन्य युवा इनका लाभ प्राप्त कर सकें। इस बैठक में राज्य स्तरीय युवा मंच की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया गया ताकि युवाओं से संबंधित मुद्दों को प्रभावी रूप से हल किया जा सके और बिहार के समग्र विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। चर्चा में युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आवश्यक कौशल एवं अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

# प्राइमरी स्कूल के शिक्षक ने फंदे से लटक कर दी जान

**कानपुर (उत्तरशक्ति)।** गुजैनी थानाक्षेत्र के जरौली फेज-2 निवासी प्राइमरी स्कूल के शिक्षक का शव मंगलवार सुबह मकान की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में रस्सी के सहारे लटकता मिला। पड़ोसियों की सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। मूलरूप से चौबेपुर के मालों के ग्राम बजरहा पुरवा निवासी राजवीर कुरील (40) गुजैनी के जरौली फेज-2 में रहते थे। वह कानपुर देहात के मैथा में प्राइमरी स्कूल में शिक्षक पद पर तैनात थे। बड़े भाई जयदीप ने बताया कि तीन भाईयों में राजवीर दूसरे नंबर पर था जबकि सुनील सबसे छोटा है। उनकी पत्नी उर्वशी बड़ा चौराहा पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कैशियर हैं। परिवार में 9 वर्षीय आर्यन व 9 माह की बेटी वैष्णवी है। राजवीर रोज की तरह सोमवार को भी स्कूल गए थे। देर शाम वापस लौटने के बाद परिवार के साथ खाना खाकर सोने चले गए। मंगलवार सुबह जब वह कमरे में नहीं मिले तो पत्नी उन्हें आवाज देकर ढूंढने लगीं। कॉल किया तो मोबाइल कमरे में रखा मिला। उर्वशी उसे तलाशते हुए जब मकान के तीसरी मंजिल पर बने कमरे में पहुंची तो राजवीर का शव पंखे के कुंडे में रस्सी के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके हैं। मौके पर जांच में कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। न ही परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। जयदीप के अनुसार राजवीर ने कभी किसी प्रकार की समस्या नहीं बताई। अभी दो दिन पहले ही वैष्णवी का मुंडन हुआ था।












